


13 May 2026, 15:59


13 May 2026, 15:59

# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

मीडिया प्रकोष्ठ (Media Cell)
प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक: 13 मई, 2026 | स्थान: बोधगया।**

## दूसरा पूर्व छात्र सम्मेलन फरवरी 2027 में; भव्य आयोजन के लिए तैयारियां अभी से प्रारंभ

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के गणित विभाग स्थित रामानुजन सभागार में "अलमनाई मीट महासंगम 2026" की समीक्षा एवं आगामी अलमनाई मीट की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने की।

इस अवसर पर मंच पर कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम्, मानविकी संकायाध्यक्ष एवं अलमनाई मीट (महासंगम 2026) की समन्वयक प्रो. निभा सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस.पी.एन. यादव "दीन", कुलानुशासक प्रोफेसर के.डी. वर्मा तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रोफेसर मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में प्रोफेसर निभा सिंह ने "महासंगम 2026" की संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की उपलब्धियों और अनुभवों को साझा किया। इसके बाद माननीय कुलपति महोदय ने घोषणा की कि अगले अलमनाई मीट का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी 2027 को किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। कुलपति महोदय ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि आज से ही अगले एल्युमनी मीट की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी जाएँगी तथा इस वर्ष प्राप्त अनुभवों और सुझावों के आधार पर आने वाले कार्यक्रम को और बेहतर स्वरूप दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परम प्रकाश राय ने किया।

अपने विचार रखने वाले शिक्षकों में विज्ञान संकाय से डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. पिंटू कुमार एवं डॉ. अतुल श्रीवास्तव, मानविकी संकाय से डॉ. शकीला, डॉ. इफत एवं डॉ. ममता मेहरा, सामाजिक विज्ञान संकाय से डॉ. मीनाक्षी, डॉ. कविता कुमारी एवं डॉ. वंदना कुमारी, वाणिज्य संकाय से डॉ. विनीता, शिक्षा संकाय से डॉ. मुसर्रत जहाँ, एआई एंड एएस विभाग से डॉ. अलका मिश्रा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. बी.पी. नलिन तथा फिजियोथेरपी विभाग की निदेशक श्रीमती पूनम कुमारी प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

© मीडिया प्रकोष्ठ, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया